भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार

icmr
INDIAN COUNCIL OF MEDICAL RESEARCH
Serving the nation since 1911

Indian Council of Medical Research
Department of Health Research, Ministry of Health and Family Welfare, Government of India

फ़ं.सं.DevRes/CSTU/GrowthRef.NHRP/33/2023-24 दिनांक: 28.01.2025

डॉ. अपर्णा मुखर्जी, वैज्ञानिक-एफ, परिषद मुख्यालय, नई दिल्ली के अधीन "0 से 24 महीने वाले भारतीय बच्चों में विकास मानकों को विकसित करने के लिए एक संभावित कोहोर्ट अध्ययन" शीर्षक परियोजना के अधीन पदों को भरने के लिए पात्र उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं, जो पूर्णतः से संविदा और अस्थायी आधार पर भरे जाने हैं।

| | |
|---|---|
| पद का नाम | परियोजना तकनीकी सहायता - III |
| पदों की संख्या | 01 (अनारक्षित) |
| अनिवार्य योग्यताएँ | प्रासंगिक विषय क्षेत्र में तीन वर्षीय स्नातक डिग्री + योग्यता अर्जित करने के बाद का तीन वर्ष का अनुभव या पीजी / क्षेत्र में स्नातकोतर। |
| आयु सीमा | अधिकतम 35 वर्ष |
| समेकित वेतन | 28000/- प्रति माह + मकान किराया भत्ता यथा ग्राह्य, जैसा स्वीकार्य हो |
| संविदा अवधि | अनुबंध अवधि एक वर्ष या परियोजना के पूरा होने तक, जो भी पहले हो |
| तैनाती का स्थान | परिषद मुख्यालय, नई दिल्ली |
| कर्तव्यों का स्वरूप | • परियोजना की गतिविधियों का संचालन, निगरानी और समन्वय में सहायता करना।<br>• फ़ाइल/प्रशासनिक फ़ाइल प्रक्रिया में सहायता करना<br>• पीओ द्वारा सौंपा गया कोई अन्य कर्तव्य |

**भर्ती प्रक्रिया:**:

1. पद के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों को पहले विज्ञापन के अनुसार अपनी पात्रता की पुष्टि कर लेनी चाहिए। उन्हें यह भी सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि उनके पास वैध व्यक्तिगत ई-मेल आईडी और मोबाइल नंबर हो। कृपया ध्यान रखें कि प्रदान

की गई ई-मेल आईडी और मोबाइल नंबर को पूरी भर्ती प्रक्रिया के दौरान सक्रिय रखना होगा

2. उपरोक्त सभी मानदंडों और योग्यता, अनुभव आदि को पूरा करने वाले पात्र उम्मीदवार आवेदन भर सकते हैं और आवेदन से संबंधित दस्तावेजों / प्रमाण-पत्रों के साथ 14 फरवरी, 2025 को शाम 05:00 बजे तक (आवेदन जमा करने की अंतिम तारीख) ई-मेल आईडी: development div.2025@gmail.com पर भेजे
3. उम्मीदवारों को अपने आवेदन-पत्र, एक हाल ही में खिंचवाया गया पासपोर्ट साईज का रंगीन फोटो, विस्तृत जीवन-वृत्त /सी.वी. तथा स्वयं द्वारा सत्यापित सभी संबंधित दस्तावेज, अपनी शैक्षिक योग्यता के साक्ष्य के रूप में [10वीं कक्षा से आगे के सभी प्रमाण-पत्र और अंकतालिकाएं], कार्य अनुभव, आयु तथा फोटो आईडी [आधार कार्ड/भारतीय पासपोर्ट/पैन कार्ड/ड्राइविंग लाइसेंस] अदि के साथ जमा करना होगा।
4. आवेदन-पत्र निर्धारित तारीख एवं समय से पूर्व भेजा जाए, ऐसा न करने पर उनकी उम्मीदवारी पर विचार नहीं किया जाएगा। विलंब से/अपूर्ण/हस्ताक्षर रहित आवेदनों पर बिल्कुल भी विचार नहीं किया जाएगा तथा इस संबंध में किसी भी प्रकार का पत्राचार नहीं किया जाएगा।
5. सफल उम्मीदवारों को पद का आवंटन सक्षम प्राधिकारी द्वारा अपने विवेक से तय किया जाएगा।
6. साक्षात्कार की तारीख और समय की सूचना छंटनी किए गए उम्मीदवारों को ईमेल द्वारा दी जाएगी
7. छंटनी किए गए उम्मीदवारों को व्यक्तिगत चर्चा के समय सत्यापन के प्रयोजन हेतु अपनी शैक्षिक योग्यता [10वीं कक्षा से आगे के सभी प्रमाण-पत्र और अंकतालिकाएं], कार्य अनुभव, आयु, फोटो आईडी [आधार कार्ड/भारतीय पासपोर्ट/पैन कार्ड/ड्राइविंग लाइसेंस] आदि के साक्ष्य रूप में सभी अपेक्षित दस्तावेज/प्रशंसा-पत्र मूल रूप में साथ लाने होंगे। जो उम्मीदवार उपरोक्त में से कुछ भी लाने में असफल रहेंगे, उनके साथ व्यक्तिगत चर्चा नहीं की जाएगी।

**नियम एवं शर्तें:**

1. ये पद अस्थायी परियोजनाओं के लिए हैं, तथा नियुक्ति पूर्णतः अस्थायी अनुबंध के आधार पर की जाएगी तथा ये पद परियोजना के साथ ही समाप्त हो जाएंगे।
2. उपर्युक्त विज्ञापित परियोजना मानव संसाधन पदों पर नियुक्ति धन की उपलब्धता, कार्यात्मक आवश्यकताओं और सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन पर निर्भर होगी अतः

हम सभी विज्ञापित परियोजना मानव संसाधन पदों को भरने के लिए प्रतिबद्ध नहीं हैं और प्रक्रिया किसी भी समय वापस ली जा सकती है/रद्द की जा सकती है/संशोधित की जा सकती है।

3. इस विज्ञापन में दर्शाई गई परिलब्धियां/वजीफा की दरें परियोजना विशेष के लिए हैं तथा परियोजना की वित्तपोषित एजेंसी की मंजूरी के अनुसार अलग-अलग हो सकती हैं।
4. आयु सीमा की गणना आवेदन जमा करने की अंतिम तारीख (वॉक-इन-इंटरव्यू के मामले में साक्षात्कार की तारीख) के अनुसार होगी।
5. अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवारों, छंटनी किए गए सरकारी कर्मचारियों, विभागीय उम्मीदवारों (परियोजनाओं सहित) और भूतपूर्व सैनिकों आदि के लिए, केन्द्र सरकार/डीओपीटी/आईसीएमआर द्वारा समय-समय पर जारी किए गए आदेशों के अनुसार आयु में छूट स्वीकार्य होगी। अनुभवी और कुशल व्यक्तियों के लिए अन्य अनुसंधान परियोजनाओं में दी गई सेवा की सीमा तक आयु में रियायत भी स्वीकार्य होगी। अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग को आयु में छूट केवल उनके लिए आरक्षित पदों के लिए ही होगी, अनारक्षित पदों के लिए नहीं।
6. आयु में छूट आईसीएमआर के दिशा-निर्देशों के अनुसार होगी।
7. योग्यता और अनुभव संबंधित विषय/क्षेत्र में तथा प्रतिष्ठित संस्थान से होना चाहिए न्यूनतम अनिवार्य योग्यता प्राप्त करने के बाद का अनुभव ही मान्य होगा
8. केवल अनिवार्य योग्यता पूरी करना ही चयन की गारंटी नहीं है।
9. किसी सरकारी विभाग/संगठन में पहले से नियमित समय वेतनमान सेवा में कार्यरत व्यक्ति आवेदन करने के पात्र नहीं हैं।
10. साक्षात्कार/व्यक्तिगत चर्चा में भाग लेने के लिए कोई यात्रा भत्ता / दैनिक भत्ता नहीं दिया जाएगा तथा उम्मीदवारों को परिवहन/आवास की व्यवस्था स्वयं करनी होगी।
11. परिषद मुख्यालय, नई दिल्ली के सक्षम प्राधिकारी के पास किसी भी आवेदन/उम्मीदवारी पर विचार करने या उसे अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है। चयन प्रक्रिया के दौरान गलत या झूठी जानकारी प्रस्तुत करने पर किसी भी स्तर पर उम्मीदवारी अयोग्य घोषित कर दी जाएगी।
12. परियोजना मानव संसाधन पदों पर नियुक्त व्यक्तियों का आईसीएमआर या इसके किसी संस्थान/केन्द्र या भारत सरकार के किसी विभाग में नियमित पद पर कोई दावा नहीं होगा और किसी एक या एक से अधिक परियोजनाओं में ब्रेक या बिना ब्रेक के

उनकी परियोजना अवधि उन्हें किसी अन्य परियोजना में आगे कार्य सौंपे जाने या स्थानांतरण या वित्त पोषित एजेंसी या आईसीएमआर में नियुक्ति/समावेश/सेवा के नियमितीकरण का कोई अधिकार नहीं होगा भविष्य निधि, पेंशन योजना, अवकाश यात्रा रियायत, चिकित्सा दावा, स्टाफ क्वार्टर और आईसीएमआर के नियमित कर्मचारियों के लिए लागू अन्य सुविधाएं आदि परियोजना मानव संसाधन पदों के लिए स्वीकार्य नहीं हैं।

13. परिषद मुख्यालय, नई दिल्ली के सक्षम प्राधिकारी को परियोजना के मानव संसाधन पद को सहमत अनुबंध अवधि के दौरान भी समाप्त करने या बिना कोई कारण बताए अनुबंध अवधि बढ़ाने का अधिकार सुरक्षित है।
14. उम्मीदवारों को निर्धारित प्रारूप में विधिवत रूप से भरा हुआ आवेदन-पत्र, पासपोर्ट साईज का नवीनतम रंगीन फोटो, विस्तृत जीवन-वृत्त/सी.वी. तथा अपनी शैक्षिक योग्यता [10वीं कक्षा से आगे के सभी प्रमाण-पत्र और अंक-पत्र], कार्य अनुभव, आयु, जाति तथा फोटो आईडी [आधार कार्ड/भारतीय पासपोर्ट/पैन कार्ड/ड्राइविंग लाइसेंस] आदि स्वयं द्वारा सत्यापित सभी संबंधित दस्तावेजों के साक्ष्य के साथ निर्धारित तारीख और समय के भीतर जमा करना होगा, अन्यथा उसकी उम्मीदवारी पर विचार नहीं किया जाएगा। विलंब/अपूर्ण/अहस्ताक्षरहित आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा तथा इस संबंध में किसी भी पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा।
15. परिषद मुख्यालय, नई दिल्ली अपने विवेक से किसी भी समय प्रक्रिया को रद्द/संशोधित करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।
16. सक्षम प्राधिकारी का निर्णय अंतिम एवं बाध्यकारी होगा।
17. इस विज्ञापन के संबंध में शुद्धिपत्र/परिशिष्ट/अन्य जानकारी; यदि कोई हुआ, केवल हमारी वेबसाइट पर प्रकाशित किया जाएगा अतः उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे इस विज्ञापन से संबंधित अद्यतन जानकारी के लिए नियमित रूप से हमारी वेबसाइट www.icmr.gov.in देखते रहें।

हरप्रीत कौर बजाज

**प्रशासन अधिकारी**

**भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान संस्थान**
**Indian Council of Medical Research**

**आवेदन-पत्र / Application Form**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1. | आवेदित पद का नाम<br>Name of the Position, applied for | : | ______________ | हाल ही का फोटो<br>Latest photograph |
| 2. | विज्ञापन सं./Advertisement No. | : | ______________ | |
| 3. | पूरा नाम (स्पष्ट अक्षरों में)<br>Name in full (IN BLOCK LETTERS) | : | ______________<br>[उपनाम] [नाम] [पिता/पति]<br>[SURNAME] [NAME] [FATHER/HUSBAND] | |
| 4. | माता का नाम/Mother's Name | : | ______________ | |
| | पिता का नाम /Father's Name : | | ______________ | |
| | पति का नाम:/Husband's Name: | | ______________ | |
| 5. | पत्राचार का पता<br>Address for Correspondence | : | ______________<br>______________<br>______________<br>______________<br>संपर्क न./Contact No.______________<br>ईमेल आईडी:/Email id: ______________ | |
| 6. | स्थाई पता/Permanent Address | : | ______________<br>______________<br>______________ | |

_____________________________________

7. जन्म तिथि [दिन/माह/वर्ष] (समर्थित प्रमाणपत्र में होना चाहिए) : ____________________ आयु/Age : ______________

Date of Birth [dd/mm/yyyy] (Certificate must be supported)

8. क्या आप एससी/ एसटी/ओबीसी /सामान्य वर्ग से है : ____________________ जाति/Caste: ______________

Whether SC/ST/OBC/General

9. वैवाहिक स्थिति : विवाहित /अविवाहित/ तलाकशुदा/ विधुर/ विधवा

Marital Status : Married / Unmarried / divorcee / widower / widow

10. शैक्षिक योग्यता : (योग्यता के साक्ष्य के रूप में प्रमाण पत्र संलग्न करना आवश्यक है)

Educational Qualifications : (Certificates in proof of qualifications must be supported).

| क्र. सं. SN | परीक्षा उत्तीर्ण EXAM. PASSED | ग्रेड GRADE | उत्तीर्ण होने का वर्ष YEAR OF PASSING | बोर्ड / विश्वविद्यालय BOARD / UNIVERSITY | विशेषज्ञता SPECIALIZATION |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |

11. कार्य का अनुभव (अनुभव के साक्ष्य रूप में प्रमाण पत्र संलग्न करना आवश्यक है):

Work Experience (Certificates in proof of experience must be supported):

| नियोक्ता का नाम<br>Name of Employer | पद<br>Post | दिनांक से<br>From date | दिनांक तक<br>To date | छोड़ने का कारण<br>Reason for leaving |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |

न्यूनतम अनिवार्य योग्यता प्राप्त करने के बाद प्राप्त कुल अनुभव (वर्षों में): __________
Total Experience gained after acquiring the minimum essential qualification (in years): _____

12. नेट/गेट/राष्ट्रीय स्तर की उत्तीर्ण परीक्षाओं का विवरण, यदि कोई हो।
Details of NET/GATE/National level exams passed, if any.

| उत्तीर्ण परीक्षा<br>Exam passed | उत्तीर्ण होने की तिथि<br>Date of passing | तक मान्य<br>Valid till |
|---|---|---|
| | | |
| | | |
| | | |

13. यदि आपका चयन हो जाता है, तो आपको कार्यभार ग्रहण करने के लिए कितने समय की आवश्यकता होगी: ________________

If selected what period would you require to join: ____________________

नोट: यदि कोई अतिरिक्त जानकारी हो, तो उसे अलग से पेपर पर या इस पृष्ठ के अगले पृष्ठ पर उपलब्ध करवाई जा सकती है।

घोषणा: मैं एतदद्वारा घोषणा करता/करती हूँ कि इस आवेदन में मेरे द्वारा दी गई जानकारी मेरे सर्वोत्तम ज्ञान और विश्वास के अनुसार सत्य है। गलत जानकारी देना या तथ्यों को छिपाना अयोग्यता होगी और उम्मीदवार को अयोग्य घोषित किजा जा सकता है।

तारीख: ____________________ हस्ताक्षर: ____________________________

स्थान: ____________________ उम्मीदवार का नाम: __________________